तापमान

अधिकतम 26 डिग्री

न्यूनतम 14 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 10 जनवरी 2024

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 अपराध, सायबर फ्राड, गुड टच-बैड टच पर किया जागरूक



**खबर संक्षेप**

### गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का आमसभा रैली आज

**बैकुण्ठपुर।** हसदेव अरण्य क्षेत्र परसाकोल ब्लॉक के विरोध में 10 जनवरी को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी आमसभा रैली एवं ज्ञापन सौंपेगी। गुड मॉर्निंग गणतंत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा पार्टी के सभी पदाधिकारी संभाग अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष को कार्यक्रम करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। सभी जिलों में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिलाध्यक्ष, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आमसभा और रैली के पश्चात 10 जनवरी की सुबह जिला कार्यालय में राष्टपति के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

### विद्यार्थियों से परीक्षा पर की चर्चा



**एमसीबी।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसपी जायसवाल के द्वारा मंगलवार को हायर सेकेंडरी स्कूल कछौड़ के 10 वीं एवं 12 वीं कक्षा के बच्चों के बीच उपस्थित होकर 40 दिवसीय लक्ष्य के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप के पास एकदम समय नहीं है, जो समय है उसमें जितना हो सके मन लगाकर पढ़ाई करें। विद्यार्थियों के लिए दिनचर्या प्रातः काल सूर्योदय से एक घंटा पहले उठकर नित्य कर्मों से निवृत्त होकर 15.20 मिनट व्यायाम या योगासनों का अभ्यास करने से सुस्ती व शिथिलता मिट जाती है और शरीर में चुस्ती-फुर्ती तथा तबीयत में ताजगी आ जाती है, जिससे पढ़ाई में मन लगता है और पाठ अच्छी तरह याद होता है।

### छिंदिया में विद्यार्थियों को मिले गर्म कपड़े



**बैकुण्ठपुर।** जिले में ठंड के प्रकोप को देखते हुए शासकीय हाईस्कूल छिंदिया में प्रभारी प्राचार्य डीके पैकरा के द्वारा संरक्षित जनजाति पण्डो विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म और स्वेटर वितरित किया गया। स्वेटर और यूनिफॉर्म वितरण के लिए स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री पैकरा ने कहा कि विद्यालय में आने वाले विद्यार्थियों को ठंड से बचने के लिए छोटी सी पहल की गई है। भविष्य में विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत आने पर वे सदैव उनकी सहायता को तैयार रहेंगे। वहीं विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म और स्वेटर वितरण करने में विद्यालय के स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### वार्ड में नियमित सफाई नहीं, लोग परेशान



**बैकुण्ठपुर।** नगर पालिका बैकुंठपुर के वार्ड क्रमांक 17 में सफाई नहीं होने से लोग परेशान हैं। वार्ड में पुराने बस स्टैंड के पीछे कुछ इलाकों में सड़क पर कचरा फैला रहता है। स्थानीय लोगों की माने तो कई बार शिकायत करने के बावजूद भी नपा के सफाई विभाग द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा। वार्ड के निवासी प्रदीप कुमार तिवारी ने बताया कि मोहल्ले में साफ-सफाई के लिए महीने में दो बार ही सफाई कर्मी आते हैं। वार्ड में पहुंचे सफाई कर्मी आधी-अधूरी सफाई करके लौट जाते हैं। इस वार्ड में कई बार गंदगी फैली रहती है। सड़कों पर झाड़ू लगाने के बाद कचरे को एक जगह इकट्ठा करके ऐसे ही छोड़ दिया जाता है, जिससे कचरा मोहल्ले में यहां-वहां फैल जाता है।

### ईवीएम कक्ष का छात्राओं ने किया शुभारंभ, लोस निर्वाचन की तैयारी में जुटे अधिकारी

# अब लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

विधानसभा निर्वाचन समाप्त होते ही अब लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों में अधिकारी-कर्मचारी जोरों से जुट गए हैं। इसी तारतम्य में कलेक्ट्रेट परिसर में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नंदिनी साहू की उपस्थिति में नए मतदाता के रूप में पहली बार वोट देने के लिए तैयार छात्राओं ने फीता काटकर ईवीएम कक्ष का शुभारंभ किया।

विदित हो कि कोरिया जिला कोरबा लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत है। इस जिले में बैकुंठपुर विधानसभा है तथा भरतपुर-सोनहत आंशिक आते हैं। वर्ष 2023 में संपन्न विधानसभा निर्वाचन के दौरान बैकुंठपुर विधानसभा क्रमांक 03 में 228 मतदान केन्द्र बनाए थे, इनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 84 हजार 47 थीं, तथा महिला मतदाताओं की संख्या 84 हजार 29 एवं तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 5 थीं। इस तरह 1 लाख 68 हजार 81 मतदाता थे। वहीं भरतपुर-सोनहत आंशिक के 78 मतदान केन्द्रों में पुरूष मतदाताओं की संख्या 18 हजार 159, महिला मतदाताओं की संख्या 18 हजार 215 तथा तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या मात्र एक थी। 18 से 19 वर्ष के नए मतदाताओं की संख्या 6 हजार 493 थीं। इसी तरह दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 2 हजार 90 और 80 वर्ष ये उससे अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या 1 हजार 231 थीं। लोकसभा निर्वाचन के लिए नए मतदाता नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं।



ईवीएम कक्ष का शुभारंभ करती छात्राएं।

### लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की बैठक

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए पार्टी की रणनीति पर विचार और समीक्षा करने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री व कोरियां जिला के प्रभारी प्रशांत मिश्रा सोमवार को बैकुंठपुर पहुंचे। कोरिया जिला प्रभारी का स्वागत करने काफी संख्या में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंचे। कांग्रेस के जिला कार्यालय में महामंत्री की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई।

आयोजित बैठक में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को विजय दिलाने और विधानसभा की चुनावी हार के लिए कौन सी मुख्य बातें थी जो लोगों को समझाने में चूक हुई तथा आने वाले आगामी लोकसभा चुनाव में लोगों को मजबूत रूप से कांग्रेस की विचारधारा को लेकर बेहतर ढंग से पहुंचने को लेकर समीक्षा की गई। बैठक में जिले के पदाधिकारियों,वक्ताओं एवं कार्यकर्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने दिए गए सुझावों एवं विचारों को प्रदेश कांग्रेस कमेटी में रखने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने किया। इस अवसर पर नजीर अजहर, वेदांती तिवारी, योगेश शुक्ला, अजय सिंह, बिहारी राजवाड़े, बृजवासी तिवारी, अशोक पाण्डेय, शैलेन्द्र सिंह, साहब सिंह काकू, रियाजुउद्दीन, विकास श्रीवास्तव, गुड्डन, हुसैन, आशु कुजूर, श्रीमती संगीता राजवाड़े, पूजा तिवारी, जिले के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, राजीव गांधी पंचायत राज संगठन, अल्पसंख्यक के प्रकोष्ठ, सेवा दल, पंचायत, नगर निकाय, पिछड़ा वर्ग एवं सभी नैसर्गिक संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

■ कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष ने किया



राजीव भवन में आयोजित बैठक के दौरान उपस्थित कांग्रेसजन।

# अपहृत नाबालिग 10 घंटे के अंदर बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

कोरिया पुलिस ने नाबालिग के लापता होने के 10 घंटे के अंदर उसे बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

7 जनवरी को थाना चिरमिरी में नाबालिग बालिकाओं के गुम जाने की सूचना परिजन ने दर्ज कराया तो चिरमिरी पुलिस ने गुम इंसान क्रमांक 01/24 और 02/24 तथा अपराध क्रमांक 07/24 तथा 08/24 धारा 363 कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्चाधिकारियों के दिशा-निर्देश पर टीम गठित कर मामले के तहकीकात करने में जुट गई।

पतासाजी के दौरान मुखबीर के द्वारा सूचना मिली कि दोनों गुम बालिकाएं बैकुंठपुर में हैं, जो पुलिस कार्रवाई के महज 10 घंटों के भीतर ही आरोपी तीरथ कुमार राजवाड़े पिता मंगलेश्वर राजवाड़े उम्र 19 वर्ष निवासी राजवारीपारा बैकुंठपुर तथा दूसरा आरोपी निक्कु पिता हीरालाल उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम चेर राजवारीपारा बैकुंठपुर के कब्जे से बरामद किया गया। अपहत बालिकाओं का महिला पुलिस अधिकारी से कथन लिया गया। प्रकरण के दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 376, 34 भादवि तथा पाक्सो की धारा 4 व धारा 354, 34 भादवि एवं पाक्सो एक्ट की धारा 8 का अपराध घटित किए जाने से दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

इस कार्रवाई में निरीक्षक दीपेश सैनी, सहायक उप निरीक्षक चेतनराम राजवाड़े, प्रधान आरक्षक जय कुमार ठाकुर, राजेश सिंह, विश्वनाथ सिंह, आरक्षक बालकरण कुजूर शामिल रहे।





■ मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

# स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी का बैकुंठपुर में जोशीला स्वागत



स्वास्थ्य मंत्री का स्वागत करते लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सोमवार की रात्रि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का जिला मुख्यालय के कोरिया कुमार चौक पर जोशिला स्वागत किया गया। सरगुजा संभाग मुख्यालय के सम्मेलन के समाप्ति पश्चात स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल जब देर रात्रि में लौट रहे थे।

इसी दौरान कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के कुमार चौक पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे की अगुवाई में काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्कर्ताओं के द्वारा स्वास्थ्य मंत्री का जोरदार स्वागत किया गया। कुमार चौक पर भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा बाजे-गाजे के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा एक-एक कर स्वास्थ्य मंत्री को माला पहनाया गया। इस दौरान कुमार चौक पर जमकर आतिशबाजी भी की गई। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य मंत्री बनने के बाद श्याम बिहारी जायसवाल का प्रथम कोरिया आगमन रहा। भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में सुबह के समय जाते समय का अभाव होने के कारण स्वागत कार्यक्रम नहीं किया गया था, लेकिन उक्त कार्यक्रम से लौटते वक्त भाजपा जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा उत्साह स्वागत किया गया।

इस दौरान विधायक बैकुंठपुर भईयालाल राजवाड़े, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के स्थायी समिति सदस्य डॉ.राकेश शर्मा, संजय गुप्ता, डॉ. संकल्प शर्मा, संजय जायसवाल, नीरज पांडे, संदीप सोनी समेत काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता व शहरवासी उपस्थित रहे।

■ कोरिया कुमार चौक में की गई जमकर आतिशबाजी

### बेटे ने की मां के साथ मारपीट, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** तातापानी चौकी अंतर्गत ग्राम बुलगांव निवासी 65 वर्षीया सुखमतिया अगरिया पति स्व. चन्द्रिका अगरिया 1 जनवरी को अपनी मां को देखने के लिए गांव गई थी और शाम लगभग 6 बजे वापस घर लौटी। इस दौरान वृद्धा का पुत्र मुखलाल आगरिया घर के पास खड़ा था और मां को फिर से शराब पीकर आने की बात कहते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पुत्र ने मां को जमीन पर पटककर उसके सीने पर लात से मारना शुरू कर दिया। जब महिला ने शोर मचाया तो नाली व अन्य लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। इस दौरान आरोपी ने मां को उपचार कराने का आश्वासन दिया था लेकिन जब उसने उपचार कराने से इनकार कर दिया तो महिला ने अपने बेटे के खिलाफ भी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

### लापरवाह हेड मास्टर का विरोध होने पर डीईओ ने किया तबादला

**बिश्रामपुर।** कार्य के प्रति लापरवाह प्रधान पाठक को ग्रामीणों के विरोध करने उपरांत डीईओ सूरजपुर द्वारा हेड मास्टर का अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बतरा के शासकीय प्राथमिक शाला पसलिहापारा में पदस्थ हेड मास्टर मोहम्मद इंतकाम खान पर पिछले दिनों ग्रामीणों द्वारा कार्य के प्रति लापरवाही का आरोप लगाया था, जिस पर उक्त हेड मास्टर को सूरजपुर डीईओ द्वारा निलंबित कर दिया गया था। इसके पश्चात मनमानी तरीके से उक्त लापरवाह हेड मास्टर को पुनः 19 दिसंबर 2023 को शासकीय प्राथमिक शाला पसलिहापारा में पदस्थ किया गया था। दूसरी बार पुनः उक्त विद्यालय में लापरवाह हेड मास्टर को पदस्थ किए जाने पर ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर व सूरजपुर डीईओ को ज्ञापन देकर उक्त हेड मास्टर को अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने की मांग की गई थी। साथ ही मांग पूर्ण न होने पर क्लेक्ट्रोरेट का घेराव कर आंदोलन की बात की गई थी। जिस पर मामले को गंभीरता से लेते हुए सूरजपुर डीईओ द्वारा सोमवार को संशोधन आदेश जारी करते हुए लापरवाह हेड मास्टर को शासकीय प्राथमिक शाला पसलिहापारा से शासकीय प्राथमिक शाला खुटरापारा (डबरीपारा) में पदस्थ कर दिया है।

# गांव-गांव पहुंच रही विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

विकसित भारत संकल्प यात्रा का मोबाइल वैन शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसर गांव-गांव में जाकर कर रहा है।

इसी कड़ी मंगलवार को जिले के मनेन्द्रगढ़ विकासखंड ग्राम भौंता, ग्राम पसौरी, नारायणपुर विकासखंड भरतपुर के ग्राम कंजिया और ग्राम घटई एवं विकासखंड खड़गवां के ग्राम जाडहरी तथा आमाडांड़ पहुंचा। विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के प्रयासों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंच सके। कार्यक्रम के प्रारंभ में मोबाईल वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन कराया जा रहा है। इस अवसर पर सभी ने विकसित भारत के लिए संकल्प लिया एवं चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की जानकारी दी जा रही है। प्रत्येक ग्राम स्तरीय गठित स्वागत समिति तथा उत्सव समिमि के माध्यम से विकसित भारत संकल्प रथ का स्वागत किया जा रहा है।

कृषि विभाग द्वारा ड्रोन डेमोंस्ट्रेशन व स्वाईल हेल्थ कार्ड डेमोंट्रेशन का प्रदर्शन किया जा रहा है। कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों के द्वारा योजना से हुए लाभ को वे मेरी कहानी मेरी जुबानी पहल के तहत साझा कर रहे हैं। इस अवसर पर ⏭ शेष पेज 4 पर




### स्वास्थ्य मंत्री ने हरिभूमि कैलेंडर को सराहा



**बैकुण्ठपुर।** छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े ने हरिभूमि द्वारा वर्ष 2024 के लिए प्रकाशित किए गए कैलेंडर की प्रशंसा की। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल अपने दौरे के बाद बैकुंठपुर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में पहुंचे थे जहां उन्होंने हरिभूमि को कैलेंडर प्रकाशन पर ढेर सारी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कैलेंडर को बेहद अनुच्छेद ढंग से प्रकाशित किया गया है इसमें महत्वपूर्ण तिथियां के साथ स्थानीय प्रतिष्ठानों और शिक्षण संस्थानों की जानकारी भी है जो लोगों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, हरिभूमि ब्यूरो चीफ प्रवीन्द सिंह, पंकज गुप्ता, अरशद खान, शैलेष गुप्ता, राजेन्द्र दास, विमलकांत गुप्ता, अजय जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### महाजन स्टेडियम में 47 वें फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 13 से शुरू होगा

# अखिल भारतीय गोल्डकप फुटबाल टूर्नामेंट में 16 टीमें लेंगी भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

क्षेत्र के महाजन स्टेडियम में 47 वां अखिल भारतीय शेषन स्मृति गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट 2023-24 का आयोजन 13 जनवरी से शुरू होगा। इस संबंध में 8 जनवरी को हरिभूमि ने स्व. शेषन स्मृति अभा गोल्ड कप प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर संशय की स्थिति को लेकर खबर का प्रकाशन किया था , इसके बाद आयोजन समिति ने उक्त प्रतियोगिता के कार्यक्रम के आयोजन को लेकर सूचना सार्वजनिक की।

जानकारी के अनुसार उक्त प्रतियोगिता में इस बार कुल 16 टीमे भाग ले रही है। टूर्नामेंट का आगामी 13 जनवरी से प्रारंभ होगा और 11 वें दिन 24 जनवरी को समापन किया जाएगा। इस दौरान प्रतियोगिता प्रतिदिन आयोजित होगी। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों की नामी फुटबॉल टीम अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करेंगी। जानकारी के अनुसार कोल इंडिया के इतिहास में फुटबॉल खेल प्रतियोगिता आयोजन में सर्वाधिक लंबे समय से आयोजित की जाने वाली यह एकमात्र प्रतियोगिता है, परंतु कुछ कारणों से कुछ वर्ष तक फुटबॉल टूर्नामेंट बंद किया गया था, जो पिछले साल से पुनः प्रारंभ किया है। चरचा कॉलरी में होने वाला टूर्नामेंट देश की सबसे पुरानी फुटबॉल खेल प्रतियोगिताओं में से यह एक है। स्वर्ण कप प्रतियोगिता के अध्यक्ष सहक्षेत्र प्रबंधक जितेन्द्र कुमार, सचिव डॉक्टर अशोक कुमार विराजी, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष रियाज अहमद है, इनके द्वारा इस वर्ष भी गोल्ड कप प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने की पूरी तैयारी की गई है।




#### 16 फुटबाल टीमें भाग लेंगी

चरचा कॉलरी के महाजन स्टेडियम में आगामी 13 जनवरी से शुरू होने वाले स्व. शेषन स्मृति अखिल भारतीय फुटबाल प्रतियोगिता में देशभर की कुल 16 टीमें भाग लेंगी। जानकारी के अनुसार आयोजित होने वाले गोल्ड कप फुटबाल प्रतियोगिता में डाउन टाउन हीरोज कश्मीर, एमईजी बैंगलोर, स्पोर्ट्स हॉस्टल मउ, झारखण्ड एफसी, हैदराबाद आर्मी, लुधियाना एफसी, जग्गा युनाईटेड भुवनेश्वर, न्यू स्पोर्टिंग क्लब चरचा कॉलरी, एलएनआईपी सोनाबेड़ा, एसटीएफसी पठानकोट, बिहार एफसी, गढ़वाल स्पोर्टिंग देहरादून, दिल्ली एफसी, तमिलनाडु, पुलिस तथा सरदन समिति कोलकाता शामिल है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सांई हॉस्टल सोनाबेड़ा एवं सदन समिति कोलकाता टीम के प्रतियोगिता में आने को लेकर कंफर्म स्थिति नहीं होने के कारण मिलन बेस्टी क्लब कोलकाता एवं फुटबाल क्लब केरल की टीम आने की पुष्टि की है। विदित हो कि इस गोल्ड कप प्रतियोगिता के लिए कॉलरी अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा अपना एक दिन का वेतन प्रतियोगिता आयोजन के लिए दिया जाता है, इसी सहयोग से लगातार चरचा कॉलरी में गोल्ड कप फुटबाल प्रतियोगिता आयोजित की जाती है।

### तातापानी में मेला स्थल पर दुकान लगाने चले लाठी डंडे

**रामानुजगंज।** तातापानी महोत्सव के दौरान लगने वाले मेले में दुकान लगाने को लेकर मची होड़ के बीच अब मारपीट की नौबत आ गई है। व्यवसायी मेला स्थल पर पसदंदीदा स्थान पर दुकान लगाने को लेकर लाठी डंडा चलाने पर उतारू हो गए है। आलम यह है कि दुकान को लेकर दो गुटों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। अब इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद कार्यक्रम को लेकर सवाल उठाए जा रहे है। बता दें कि मकर संक्रांति के अवसर पर तातापानी में भव्य मेला व महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन व आयोजन समिति द्वारा किए जा रहे महोत्सव को लेकर तैयारियां चल रही है। 14 से 16 जनवरी तक चलने वाले कार्यक्रम को लेकर मेला स्थल पर दुकानों के आबंटन का कार्य भी किया जा रहा है। इस दौरान

तातापानी मेले में दुकान लगाने को लेकर कुछ दुकानदारों के बीच अचानक विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर मारपीट की नौबत तक पहुंच गई और जमकर लाठी डंडे चले। अब इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि विवाद के दौरान मारपीट में कई लोग घायल भी हुए लेकिन अब तक इस मामले में पुलिस व जिला प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

9 Jan-Jash Bhoomi pg 2_Layout 1 1/9/2024 7:43 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### भोजपुरी

## माही का नया सॉन्ग राजा जी के तिलवा प दिलवा रिलीज



**मुंबई।** भोजपुरी अभिनेत्री माही श्रीवास्तव उन अभिनेत्रियों में से हैं जो दिन पर दिन दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बना रही हैं। माही भोजपुरी सिनेमा की राइजिंग स्टार हैं, जिनके गानों का उनके चाहने वालों को बेसब्री से इंतजार रहता है। वो जब भी किसी गाने में परफॉर्म करती है तो वो गाना यूट्यूब पर वायरल हो जाता है। उनकी अदाकारी दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है। इसी बीच माही श्रीवास्तव का नया गाना रिलीज हो गाय है। इस गाने के बोल 'राजा जी के तिलवा प दिलवा' है, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। भोजपुरी गाने 'राजा जी के तिलवा प दिलवा' को खुशी कक्कर ने अपनी मधुर आवाज में गाया है। उनकी आवाज ने इस गाने में जान डाल दी है। वहीं, माही श्रीवास्तव के ठुमकों ने चार चांद लगा दिया है। इस गाने को वर्ल्डवाइड रिकाड्‌र्स के ऑफिसियल चैनल पर रिलीज किया गया है, जिसे दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं। गाना यूट्यूब पर तेजी से वायरल हो रहा है। गाने में माही को एक लड़का पसंद आ जाता है, जिससे देखकर उनको उससे प्यार हो जाता है। गाने का फिल्मांकन बहुत ही सुंदर तरीके से किया गया है। वही इसको लोकेशन के हिसाब से फिल्माया गया है।

### हालीवुड


## एरियाना का 7वें स्टूडियो एलबम का पहला सिंगल 12 को होगा आउट



**लॉस एंजेलिस।** एरियाना ग्रांडे, जिन्होंने हाल ही में पोस्ट किया था कि उन्होंने अपना लंबे समय से प्रतीक्षित सातवां स्टूडियो एलबम पूरा कर लिया है, ने घोषणा की कि इसका पहला सिंगल 12 जनवरी को आएगा। गाने का शीर्षक स्पष्ट रूप से 'यस, एंड?' है, जो ग्रांडे के 2019 अर्ध-आत्मकथात्मक एकल और एलबम, 'थैंक यू, नेक्स्ट' से एक चंचल प्रगति है। रिपोर्ट के अनुसार गायिका को हाल के वर्षों में कई हिट सिंगल्स में दिखाया गया है। विशेष रूप से वीकेंड के 'सेव योर टीयर्स' और 'डाई फॉर यू' के रीमिक्स - लेकिन उन्होंने कोई एलबम या एक भी रिलीज़ नहीं किया है। अक्टूबर 2020 में उनकी छठी पूर्ण-लंबाई, 'पोज़िशन' के रिलीज़ होने के बाद से उनके अपने नाम के तहत। वह यूनिवर्सल के हिट ब्रॉडवे म्यूजिकल 'विकेड' के बड़े स्क्रीन रूपांतरण पर कड़ी मेहनत कर रही है, जो नवंबर में आने वाला है और अधिक चुपचाप, वह लंबे समय के प्रबंधक स्कूटर ब्रौन के साथ भी अलग हो गई और अब उसकी जगह ब्रैंडन क्रीड (जो लोवाटो को संभालते हैं) ने ले ली है। पिछले साल इंस्टाग्राम पोस्ट की एक श्रृंखला से पता चला कि एरियाना लंबे समय से सहयोगी मैक्स मार्टिन और इल्या सलमानज़ादेह के साथ एल्बम नंबर 7 पर काम कर रही हैं।


### टॉलीवुड

## 12 को बड़े पर्दे पर आएगी महेश बाबू की 'गुंटूर करम'



**हैदराबाद।** ऐक्टर महेश बाबू के फैंस का इंतजार खत्म हो गया है। एक्शन से भरपूर तेलुगु फिल्म 'गुंटूर करम' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डायरेक्टर त्रिविक्रम श्रीनिवास और महेश बाबू की जोड़ी तीसरी बार 'गुंटूर करम' में साथ नजर आने वाली है। 'गुंटूर करम' का ट्रेलर रिलीज होते ही दर्शकों के दिलो-दिमाग पर छा गया है। फिल्म का ट्रेलर देखकर ही महेश बाबू के फैंस सीटियां बजाने पर मजबूर हो गए हैं।

गुंटूर करम के ट्रेलर को देखकर फिल्म की कहानी के बारे में ज्यादा कुछ पता नहीं चल पाता है। फिल्म में सुपरस्टार महेश बाबू 'रमन रेड्डी' का किरदार निभाते नजर आएंगे। जो सिस्टम के खिलाफ लोगों के अधिकारों के लिए लड़ती है, गुस्से में कड़ी कार्रवाई करती है, खुश होने पर नाचती है और सीटियां बजाती है। फिल्म में 'रमन' को एक्शन करते देखने के लिए उनके फैंस बेताब हैं। फिल्म में राम्या कृष्णन एक ऐसी मां के किरदार में नजर आ रही हैं, जो अपने बेटे को अनाथ छोड़कर कहीं चली जाती है, लेकिन इसकी वजह क्या है? अब इन सभी सवालों का जवाब फिल्म 'गुंटूर करम' की रिलीज के बाद ही मिलेगा। सुपरस्टार महेश बाबू आखिरी बार फिल्म 'सरकारू वारी पाटा' में नजर आए थे। उसके बाद साल 2023 में उनकी कोई भी फिल्म रिलीज नहीं हुई, यही वजह है कि महेश बाबू के फैंस काफी उत्साहित हैं। फिल्म 'गुंटूर करम' में महेश बाबू श्रीलीला के साथ रोमांस करते नजर आएंगे। महेश बाबू और श्रीलीला की केमिस्ट्री भी लोगों को खूब पसंद आ रही है। फिल्म में महेश बाबू और श्रीलीला के अलावा मीनाक्षी चौधरी भी अपनी एक्टिंग से लोगों का दिल जीतने वाली हैं। मीडिया में आ रही खबरों के मुताबिक, महेश बाबू की फिल्म 'गुंटूर करम' का मुकाबला रवि तेजा की फिल्म 'ईगल' से होगा। रवि तेजा की फिल्म भी मकर संक्रांति पर रिलीज होने वाली है। वहीं 'गुंटूर करम' 12 जनवरी को रिलीज होने जा रही है।




टीवी एक्ट्रेस सुरभि चंदना का फैशन सेंस कमाल का है। सुरभि साड़ी में जितनी खूबसूरत दिखती हैं, वेस्टन आउटफिट्स में भी उतनी ही सुंदर दिखती है। वेस्टन हो या ट्रेडिशनल लुक सुरभि पर हमेशा ग्लैमरस ही लगता है। सुरभि सोशल मीडिया पर अपने लुक्स की फोटो शेयर करती रहती हैं। सुरभि जिस तरह से कपड़ों को कैरी करती हैं, वो किसी भी अभिनेत्री को टक्कर देने वाला है।

# सोलो ट्रिप को बनाना है रोमांचक तो इन गलतियों को करने से बचें

नई दिल्ली। जिंदगी में हर काम कभी न कभी हम अकेले करते ही हैं। ऐसे ही अगर आपने भी पहली बार अकेले किसी ट्रिप पर जाने का फैसला लिया है, तो जाहिर है कि आपके मन में कुछ डर हो और कुछ सवाल भी हो। लेकिन एक बात तय है कि इन सबके बावजूद भी आपका पहला सोलो ट्रिप आपके लिए काफी रोमांचक और यादगार रहेगा। हालांकि, आपको अपनी ट्रिप पर कुछ बातों का ख्याल रखना चाहिए ताकि आपकी ट्रिप बर्बाद न हो। आइए जानते हैं, किन बातों का ख्याल रख, आप अपनी सोलो ट्रिप पर कुछ गलतियां करने से बच सकते हैं।

**ओवर पैकिंग न करें :** पहली बार अकेले ट्रिप पर जाने से पहले आप हर परिस्थिति के लिए तैयार रहना चाहते हैं। इसलिए हो सकता हैं कि आप अपने साथ काफी सारी चीजें पैक कर लें, लेकिन ऐसा न करें। ज्यादा सामान पैक करने की वजह से आपको सामान उठाने में तकलीफ हो सकती है। इसलिए सिर्फ उतना ही समान पैक करें, जिसकी आपको जरूरत हो या जिसके बिना काम न चल सके।



**ओवर शेड्यूलिंग न करें :** ऐसा हो सकता है कि आप अपनी ट्रिप का एक भी मिनट बर्बाद करना न चाहें और इसलिए हर मिनट के लिए कुछ न कुछ प्लान कर लें, लेकिन ऐसा करने से आपकी ट्रिप का मजा किरकिरा हो सकता है। ऐसा हो सकता है कि आप किसी भी जगह जल्दबाजी की वजह से ठीक से एंजॉय न कर पाएं और आप काफी थक भी सकते हैं।


### अपने परिवार से संपर्क में रहे

बाहर घूमते समय हो सकता है कि आप सब कुछ खुद करना चाहे या इसे खुद के लिए चैलेंज की तरह देखें, लेकिन अपनी सेफ्टी के लिए या किसी इमरजेंसी की स्थिति के लिए आप आपके किसी परिवार के सदस्य से संपर्क रहें ताकि अगर आप किसी मुसीबत में फसें तो मदद के लिए उनसे संपर्क कर सकें और अपना इटिनरी भी अपने परिवार के साथ शेयर करें।

### प्लान बी तैयार रखें

कई बार ऐसा हो सकता है कि आपका ट्रेवल का प्लान खराब हो जाए। कोई रिजर्वेशन कैंसल हो जाए या कोई जगह आपको पसंद न आए। इसलिए अपने ट्रिप के लिए एक प्लान बी जरूर तैयार करके चलें ताकि आपकी ट्रिप का मजा खराब न हो।

## बढ़ती उम्र में ग्रेसफुल नजर आने के लिए इन स्टाइलिंग टिप्स पर दें ध्यान




**नई दिल्ली।** बढ़ती उम्र में ग्रेसफुल नजर आने के लिए कपड़े, लिपस्टिक के कलर, स्टोल लेने का तरीका, जींस की फिटिंग जैसी कई सारी चीज़ें बेहद मायने रखती हैं, लेकिन बहुत ही कम महिलाओं का ध्यान इस पर जाता है। यंग लुक पाने के चक्कर में वो कई ऐसी गलतियां करती हैं, जो उन्हें और ज्यादा बूढ़ा दिखाती हैं। कहने का मतलब है कि जैसे-जैस आपकी उम्र बढ़ती है आपको अपने स्टाइल पर भी थोड़ा ध्यान देने की जरूरत होती है। आइए जानते हैं ऐसी ही कुछ गलतियों के बारे में, जो आपको करना है अवॉयड।

**लाइट लिपस्टिक चुनें :** लिपस्टिक मेकअप का बहुत ही जरूरी हिस्सा है, लेकिन बढ़ती उम्र में ग्रेसफुल नजर आने के लिए ब्राइट कलर की जगह लाइट कलर चुनें। पीच, ब्लश पिंक, न्यूड शेड्स अच्छे लगेंगे, लेकिन हां अगर आपके लिप्स बहुत पतले हैं, तो आप हल्के ब्राइट शेड्स चुन सकती हैं।



**हेयर कलर हो सही :** बढ़ती उम्र में सफेद बालों को छिपाने के लिए मेहंदी लगाने की जगह कोई हेयर कलर ट्राई करना चाहती हैं, तो बहुत डार्क कलर अवॉयड करें। क्योंकि इससे लुक बहुत ज्यादा ड्रामैटिक लगेगा। नेचुरल शेड्स के साथ एक्सपेरिमेंट करें। हेयर कलर करवाते समय अपनी स्किन टोन का भी ध्यान रखें।

**फिटेड जींस पहनें :** जैसे-जैसे उम्र बढ़ती जाती है स्किन लूज होने लगती है फिर चाहे वह चेहरे की हो या शरीर के किसी पार्ट की, तो इसके लिए फिटेड जींस चुनें। हिप्स एरिया फर्म दिखे।

**मेकअप का रखें ध्यान :** बढ़ती उम्र में स्किन अपनी नमी खोने लगती है, जिस वजह से वो बहुत ज्यादा ड्राई नजर आने लगती है। अगर आप वेडिंग या पार्टी के लिए मेकअप कर रही हैं, तो पाउडर मेकअप करना अवॉयड करें क्योंकि इससे स्किन और ज्यादा ड्राई नजर आएगी।।

## चांदनी वाइब्स: पश्मीना के सफेद लहंगा स्टाइल की सादगी ने किया आकर्षित


पश्मीना रोशन ने हाल ही में एक प्राचीन सफेद लहंगे में अपने घर से बाहर निकलते ही सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया। उनके पहनावे ने उनकी शिष्टता को निखारा, जो फैशन के प्रति उनकी गहरी नजर को दर्शाता है। लुक को पूरा करने वाला एक प्यारा सा पर्स था, जिसने समग्र सौंदर्य में एक सुखद स्पर्श जोड़ा। चंचलता के संकेत के साथ परिष्कार को जोड़ने के लिए पश्मीना की आदत को प्रदर्शित किया। जो चीज़ वास्तव में पश्मीना को अलग करती थी, वह थी अतिसूक्ष्मवाद के प्रति उसकी प्रतिबद्धता। सूक्ष्म और सावधानी से किए गए मेकअप के साथ, उन्होंने अपनी प्राकृतिक सुंदरता को अपनाया, यह बयान करते हुए कि कम वास्तव में अधिक है। उनके फैशन विकल्प न केवल सुंदरता दर्शाते हैं, बल्कि स्टाइल की लगातार विकसित हो रही दुनिया में सादगी अपनाने की प्रवृत्ति को भी प्रेरित करते हैं। पश्मीना रोशन हर सार्वजनिक उपस्थिति के साथ परंपरा और आधुनिकता का सहजता से मिश्रण करके फैशन प्रेरणा का प्रतीक बनी हुई है।



## मैट्रिमोनियल साइट्स से दूल्हा-दुल्हन ढूंढने से पहले इन बातों का रखें खास ख्याल

**नई दिल्ली।** एक समय था जब शादी के लिए लड़का या लड़की ढूंढना एक बड़ा काम होता था। कई महीनों की खोज के बाद, माता-पिता अपनी बेटी या बेटे के लिए उपयुक्त वर और वधू ढूंढ पाते थे, लेकिन समय के साथ कई चीजें बदल गई हैं और आज स्थिति ऐसी हो गई है कि एक क्लिक पर सैकड़ों लड़कियों और लड़कों की लाइन लग जाती है। वैसे तो एक क्लिक पर कई विकल्प मिल जाते हैं, लेकिन कई बार ये विकल्प गलत साबित हो जाते हैं। कहने का मतलब यह है कि अगर आप ऑनलाइन किसी मैट्रिमोनियल साइट्स के जरिए दूल्हा-दुल्हन की तलाश कर रहे हैं तो आपको थोड़ा सतर्क रहने की जरूरत है।

आधुनिक युग में ऑनलाइन पोर्टल्स के माध्यम से शादी करना एक आम और सुगम विकल्प बन गया है। लेकिन इस प्रक्रिया में सुरक्षा और ध्यानपूर्वक चयन करना महत्वपूर्ण है। यदि आप ऑनलाइन पोर्टल की मदद से शादी करना चाहते हैं, तो इन बातों का खास ख्याल रखें।



**सुरक्षा का पहला महत्वपूर्ण कदम :** ऑनलाइन शादी के पोर्टल्स का चयन करते समय सुरक्षा को प्राथमिकता दें। जांचें कि पोर्टल आपकी व्यक्तिगत जानकारी को कैसे सुरक्षित रखता है और क्या वे आपके डेटा का दुरुपयोग नहीं करेंगे।

**प्रोफाइल विवरण में सच्चाई :** आपके प्रोफाइल विवरण में सच्चाई होना बहुत महत्वपूर्ण है. झूठी जानकारी से बचें, क्योंकि यह आपके साथी को गलत सिग्नल भेज सकता है और आपके बीच विश्वास को कमजोर कर सकता है।

**प्राथमिक मिलने का उपाय :** ऑनलाइन बातचीत और वीडियो कॉल्स के माध्यम से साथी को पहचानने का प्रयास करें पहले ही। यह आपको उनके साथ वास्तविक जीवन में एक सुरक्षित मिलने का मौका देगा और साथी की पहचान में मदद करेगा।

### कार्नर न्यूज

### चांद की रोशनी जब सफेद रेगिस्तान पर पड़ती है, तो अद्भुत नजारा देखने को मिलता है

*नई दिल्ली। जनवरी माह में भारत में कई राज्यों में तरह-तरह के फेस्टिवल्स का आयोजन होता है। इसमें दुनियाभर से पर्यटक पहुंचते हैं। इसमें रण उत्सव तीन महीने तक चलने वाला बहुत ही शानदार फेस्टिवल है। इस फेस्टिवल में शामिल होकर आप गुजरात की रंग-बिरंगी संस्कृति को करीब से देख सकते हैं। फेस्टिवल में होने वाला गुजराती लोकनृत्य, संगीत बेहद खास होता है। अगर आप खाने के शौकीन हैं, तो यहां आकर आप गुजरात के लजीज जायकों का आनंद ले सकते हैं। पूर्णिमा के दौरान यहां घूमने की प्लानिंग सबसे बेस्ट रहेगी। चांद की रोशनी जब सफेद रेगिस्तान पर पड़ती है, जो एक अद्भुत नजारा देखने को मिलता है। यहां आकर टेंट में रूकने का मौका बिल्कुल भी मिस न करें। साथ ही यहां के खूबसूरत हैंडीक्रॉफ्ट्स की खरीददारी भी।*

# ठंड में देश के इन फेस्टिवल्स में हो शामिल मिलेगा जनवरी माह में गजब का आनंद



### जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल


हर साल जयपुर में जनवरी माह में लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है, जिसमें जाने-माने लेखक और स्पीकर्स हिस्सा लेते हैं। अगर आपको लिटरेचर में दिलचस्पी है, तो आपको इस फेस्टिवल में जरूर शामिल होना चाहिए क्योंकि यहां आपको कई लेखकों के अचीवमेंट्स, उनके बारे में जानने का मौका मिलेगा।

### इंटरनेशनल काइट फ्लाइंग फेस्टिवल

आसमान में ढेर सारी रंग-बिरंगी पतंगों को देखने भी गजब का एन्जॉयमेंट है। मकर सक्रांति के अवसर पर गुजरात में इंटरनेशनल काइट फ्लाइंग फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है। जिसमें दुनियाभर के पतंगबाज पहुंचते हैं और अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। सुबह सूर्योदय से ये फेस्टिवल शुरू हो जाता है और सूर्यास्त तक चलता है। पतंगबाजी के अलावा इस फेस्टिवल में एरियल एक्रोबेट्स, पतंग बनाना, काइट पेंटिंग जैसे और भी कई दूसरे मनोरंजक कॉम्पिटिशन होते हैं।

### बीकानेर कैमल फेस्टिवल

जनवरी में बीकानेर कैमल फेस्टिवल में भी पहुंचकर मस्ती कर सकते हैं। जहां ऊंटों की तरह-तरह से सजावट की जाती है। उनकी रेस होती है और उन्हें डांस करते हुए भी देखा जा सकता है। जो बहुत ही खास होता है। इसके साथ ही आग के साथ कलाबाजी करते हुए लोग और राजस्थानी लोक कलाकारों की परफॉर्मेंस भी देख सकते हैं।



### मद्रास म्यूजिक फेस्टिवल

मद्रास म्यूजिक फेस्टिवल भारत का सबसे बड़ा म्यूजिक फेस्टिवल है। जहां म्यूजिक के साथ-साथ शास्त्रीय नृत्य और दूसरी कलाएं भी देखने का मौका मिलता है। भारत के कोने-कोने से कलाकार इस फेस्टिवल में हिस्सा लेने पहुंचते हैं, जिनकी परफॉर्मेंस समां बांध देती है।

### अराकू बैलून फेस्टिवल

आंध्रप्रदेश टूरिज्म द्वारा इस फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है। इसमें हॉट एयर बैलून राइड खास होता है। हॉट एयर बैलून राइड द्वारा आप यहां के खूबसूरत नजारों को देख सकते हैं। रात में कैंपिंग कर सकते हैं और कॉफी प्लांटेशन टूर भी कर सकते हैं।

9 Jan-Jash Bhoomi pg 3_Layout 1 1/9/2024 7:45 PM Page 1





# पिता डेविड धवन के साथ फिर से काम करेंगे वरुण

**मुंबई।** अभिनेता वरूण धवन अपने पिता डेविड धवन के साथ फिर से काम करते नजर आ सकते हैं। वरूण ने डेविड की फिल्म मैं तेरा हीरो, जुड़वा 2 और कुली नं 1 में साथ काम किया है। उनकी आने वाली फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी होने वाली है, जिसकी शूटिंग अगले साल अप्रैल से शुरू की जाएगी। डेविड पिछले कुछ महीनों से एक अच्छे आइडिया की तलाश में थे। अब फाइनली उन्हें एक आइडिया पसंद आ गया है, जिसकी कहानी के लिए वह बेटे वरुण धवन को कास्ट कर चुके हैं। इस फिल्म को रमेश तौरानी प्रोड्यूस करेंगे। यह फिल्म टिप्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनेगी। फिल्म की शूटिंग भारत और विदेश की कुछ चुनिंदा लोकेशन पर होगी।

लाइफ Style

# तनिष्का

## ब्रेकअप पर बोलीं- इमोशनली बहुत कठिन था

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ब्रेकअप के दौरान वह इमोशनली काफी टूट गई थीं। बता दें कि इस फिल्म को उदय चोपड़ा के भाई आदित्य चोपड़ा ने बनाई थी। इसी फिल्म से उदय चोपड़ा और तनीषा की दोस्ती प्यार में बदलने लगी थी। हालांकि, रिश्ते में दो साल रहने के बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया।

बॉलीवुड की शानदार अभिनेत्री तनुजा की छोटी बेटी तनीषा मुखर्जी इन दिनों झलक दिखला जा में अपने डांस से सबको इंटरटेन कर रही हैं। अभिनेत्री अपने डांस के अलावा फिल्मों में अपनी एक्टिंग से लोगों को अपना दीवाना बनाया। अदाकारा ने फिल्म नील 'एन' निक्की से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इस फिल्म में तनीषा के साथ उदय चोपड़ा ने भी काम किया है। इस फिल्म के दौरान उदय और तनीषा के रिश्ते बन गए। दोनों ने एक दूसरे को कई साल तक डेट किया उसके बाद दोनों अलग हो गए। अब तनीषा ने एक इंटरव्यू में कहा 'उदय और मैं 'दिलवाले दुल्हनिया ले जायेंगे' के टाइम पर मिले थे। उस दौरान हम दोस्त बन गए और हम हमेशा दोस्त थे और मुझे लगता है कि ऐसी ही फिल्म के दौरान हम नजदीक आ गए और फिर हमें प्यार हो गया। जब तनीषा से उनकी शादी की असली वजह पूछी गई तो उन्होंने बताया कि चीजें उनके हिसाब से काम नहीं कर रही थीं इसलिए उनका ब्रेकअप हो गया। हालांकि, ब्रेकअप के दौरान वह इमोशनली काफी टूट गई थीं। बता दें कि इस फिल्म को उदय चोपड़ा के भाई आदित्य चोपड़ा ने बनाई थी। इसी फिल्म से उदय चोपड़ा और तनीषा की दोस्ती प्यार में बदलने लगी थी। हालांकि, रिश्ते में दो साल रहने के बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया।



हॉलीवुड मसाला



# अभिनेत्री सिंडी नहीं रही

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री सिंडी मॉर्गन का निधन हो गया है। अभिनेत्री ने 69 वर्ष की आयु में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। फ्लोरिडा में पाम बीच काउंटी शेरिफ कार्यालय ने अभिनेत्री की मौत की पुष्टि करते हुए कहा कि सिंडी मॉर्गन की मृत्यु प्राकृतिक कारणों से हुई। मॉर्गन को 'कैडीशैक' में लेसी अंडरऑल के किरदार के लिए जाना जाता था, जहां उन्होंने चेवी चेज, बिल मरे और रॉडनी डेंजरफील्ड जैसे कलाकारों के साथ अभिनय किया था।



# 'अवतार 3' की आहट ने हिला डाला इंटरनेट...

**नई दिल्ली।** जेम्स कैमरून और जॉन लैंडौ ने ब्लॉकबस्टर 'अवतार' के एक नहीं बल्कि तीन सीक्वल की घोषणा करके 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' की सफलता को कैश करने का पूरा प्लान बना लिया है। सुपरहिट फैंचाइजी की तीसरी किस्त 'अवतार 3' (अस्थायी नाम) की शूटिंग पहले ही पूरी की जा चुकी है। अब इस फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम जारी है। वहीं अब जेम्स कैमरून ने फिल्म की रिलीज को लेकर जानकारी शेयर कर दी है। जेम्स कैमरून ने एक टीवी कार्यक्रम में बोलते हुए कहा, अभी हम पोस्ट-प्रोडक्शन के दो वर्षों में बहुत व्यस्त हैं, इसलिए यह फिल्म '2025 के क्रिसमस पर सिनेमाघरों में होगी।



# मेघना की फिल्म में नजर आएंगे सिद्धार्थ...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा निर्देशक मेघना गुलजार की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। सिद्धार्थ मल्होत्रा की वेबसीरीज इंडियन पुलिस फोर्स 19 जनवरी को रिलीज होगी। बताया जा रहा है कि सिद्धार्थ, मेघना गुलजार और मलयालम फिल्मों के निर्देशक जीतू जोसेफ की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। इन दोनों ही फिल्मों की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है, इनकी शूटिंग अगले साल शुरू करने की योजना है। मेघना गुलजार के निर्देशन में बनने वाली फिल्म एक भयावह सच्ची घटना पर आधारित है। वही जीतू जोसेफ के निर्देशन में बनने वाली फिल्म प्रवर्तन निदेशालय के एक बहादुर और तेज तर्रार अधिकारी के इर्द-गिर्द घूमती है। बता दें कि सिद्धार्थ मल्होत्रा और दिशा पाटनी की ये फिल्म अब 15 मार्च 2024 को रिलीज होगी।



# 'कैप्टन मिलर' में आए एक्शन मोड में

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार धनुष की मच अवेटेड फिल्म 'कैप्टन मिलर' का हर किसी को इंतजार है ऐसे में मेकर्स ने इसका दमदार ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। आपको बता दें कि यह फिल्म 12 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म में धनुष खतरनाक रोल में दिखाई दे रहे हैं। ट्रेलर में आप धनुष के खूंखार अवतार को देख सकेंगे। 'कैप्टन मिलर' फिल्म के ट्रेलर में धनुष का एक्शन हर किसी के दिमाग में छप गया है। अगर धनुष के लुक की बात करें तो वह लंबे बालों और बढ़ी हुई दाढ़ी में काफी हैंडसम लग रहे हैं। वहीं अगर फिल्म के ट्रेलर की बात करें तो 2.54 सेकंड के इस ट्रेलर में धनुष के काफी एक्शन सीन दिखाई देते हैं, वह अकेले ही अंग्रेजों के छक्के छुड़ाते दिख रहे हैं।

टीवी मसाला




# सिर्फ 16 साल में किया डेब्यू टीवी पर भी किया सालों राज

**नई दिल्ली।** छोटे पर्दे से लेकर बड़े पर्दे तक कई ऐसे एक्टर्स हैं जिनके एक किरदार ने ही उन्हें अभिनय की दुनिया में अमर कर दिया। आज एक ऐसी एक्ट्रेस के बारे में बताने जा रहे हैं जिनका नाम लेते ही आपके दिमाग में सबसे पहले उनके द्वारा सालों पहले अदा किया गया एक ऐसा किरदार आएगा जो आज भी आपके चेहरे पर मुस्कान बिखेर देगा। ये एक्ट्रेस और कोई नहीं बल्कि टीवी की सबसे प्यारी 'बा' यानी कि एक्ट्रेस सरिता जोशी हैं। साल 2005 में टेलीकास्ट होने वाले सीरियल 'बा बहू और बेबी' से एक्ट्रेस सरिता जोशी ने घर-घर में पहचान बनाई थी। सरिता जोशी सीरियल्स के अलावा कई फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। ये एक्ट्रेस आखिरी बार हाल ही में रिलीज हुई विक्रांत मेस्सी की सुपरहिट फिल्म '12 वीं फेल' में नजर आई थीं। फिल्म में उन्होंने विक्रांत की दादी का किरदार निभाया था। 'कन्यादान', 'नजर', 'सिंबा' एक्ट्रेस की बेहतरीन फिल्मों में शामिल हैं। एक्ट्रेस की दोनों बेटियां केतकी दवे और पूर्वी जोशी भी एक्ट्रेसेज हैं। सरिता जोशी को पहचान भले ही सीरियल 'बा बहू और बेबी' से मिली, लेकिन ये एक्ट्रेस सीरियल के टेलीकास्ट होने से सालों पहले से अभिनय की दुनिया में सक्रिय थीं। उन्होंने 'बा बहू और बेबी' से पहले कई सीरियल्स में काम किया था और वह गुजराती थिएटर का भी जाना-माना नाम रह चुकी हैं। केवल 16 साल की उम्र में सरिता जोशी ने पहली बार गुजराती थिएटर के ड्रामा में लीड रोल निभाया था। उसके बाद उन्होंने साल 1980 में सीरियल 'तितलियां' से छोटे पर्दे पर डेब्यू किया था। इस सीरियल का निर्देशन राज बब्बर की पत्नी नादिरा बब्बर ने किया था।

## समर्थ से झगड़ने के बाद अभिषेक घर से हुए बेघर

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 17' के अभिषेक कुमार और समर्थ जुरेल के बीच जमकर लड़ाई हुई। अभिषेक कुमार ने उन्हें थप्पड़ मार दिया, जिसकी उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ी। बिग बॉस ने लड़ाई के बाद अंकिता से पूछा कि क्या शारीरिक झगड़ों के बावजूद अभिषेक को खेल में बने रहना चाहिए। अंकिता ने सनी आर्य के निष्कासन का हवाला देते हुए अभिषेक के खिलाफ नकारात्मक बात कही। वे इस बात पर सहमत थीं कि अभिषेक को शो छोड़ देना चाहिए। अन्य कंटेस्टेंट ने भी इसका समर्थन किया और कहा कि यह सही निर्णय है, क्योंकि अभिषेक कुमार ने शो में सबसे बड़े नियमों में से एक को तोड़ा है। अभिषेक पिछले कुछ दिनों में समर्थ के साथ अपने लगातार झगड़ों को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। उन्होंने समर्थ को शारीरिक रूप से चोट पहुंचाने की भी कोशिश की थी, हालांकि अभिषेक कुमार के फैंस उनका बचाव कर रहे हैं। कई नेटिजेंस का मानना है कि समर्थ ने उन्हें थप्पड़ मारने के लिए उकसाया था। वे इसे क्रिया की प्रतिक्रिया बता रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, समर्थ के साथ अभिषेक की न बनने की वजह बिल्कुल सीधी है।



# सबसे महंगे गीतकार बने जावेद, डंकी के गाने के लिए 25 लाख वसूले ...



**मुंबई।** शाहरुख खान की फिल्म डंकी बॉक्स ऑफिस पर धमाल-कमाल कर रही है। फिल्म की कहानी और उसके गाने लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। खास तौर से फिल्म का गाना 'निकले थे कभी हम घर से' लोगों की जुबान पर चढ़ा हुआ है। इस गाने को मशहूर गीतकार जावेद अख्तर ने लिखा है। इस हिट गाने को लिखने के लिए जावेद अख्तर ने जो मोटी फीस वसूली थी उससे वे बॉलीवुड के सबसे महंगे गीतकार बन गए। रिपोर्ट के मुताबिक शाहरुख खान की फिल्म डंकी का गाना 'निकले थे कभी हम घर से' लिखने के लिए जावेद अख्तर ने 25 लाख रुपए लिए थे। उन्होंने बताया कि यह एक गाना लिखने के लिए आज तक किसी भी गीतकार द्वारा ली जाने वाली रिकॉर्ड फीस है। हाल ही में एक स्टेज शो के दौरान जावेद अख्तर ने इस बात की पुष्टि भी की थी। शो के दौरान जावेद अख्तर ने बताया कि वह आम तौर पर फिल्म में केवल एक गाना नहीं लिखते, लेकिन राजू हिरानी ने उन्हें जोर देकर कहा कि वह केवल एक ट्रैक के लिए गीत लिखें। उन्होंने कहा कि 'ये गाना आपके अलावा कोई नहीं लिख सकता। मैंने फिर उनके सामने 25 लाख रुपए लेने की शर्त रखी। मुझे लगा कि वो शायद मेरी शर्त से हतोत्साहित हो जाएंगे, लेकिन उन्होंने मेरी शर्तों को बिना हिचकिचाहट के स्वीकार कर लिया।

# मनाली की निशा ठाकुर के सिर सजा विंटर क्वीन का ताज...



**मनाली/ कुल्लू।** मनाली में राष्ट्रीय विंटर कार्निवाल में करवाई विंटर क्वीन प्रतियोगिता में मनाली की ही निशा ठाकुर ने विंटर क्वीन का ताज पर कब्जा जमाया। वहीं फस्ट रनरअप का खिताब शिमला की कोहिनूर सरकेक ने जीता और सेकेंड रनरअप मनाली की भव्य पंडित रहीं। शरद सुंदरी का ताज जीतने वाली निशा ठाकुर को एक लाख का ईनाम दिया गया। मनाली में शून्य तापमान के बीच सुंदरियों ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। हर युवती ने निर्णायकों के सवालों के जवाब बखूबी दिए। इससे पहले मनु रंगशाला में विंटर क्वीन प्रतिस्पर्धा की प्रतिभागियों ने टेलेंट राउंड में दमदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 27 युवतियों ने मंच पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी।

गोल्डन ग्लोब विजेताओं का हुआ ऐलान

# गोल्डन ग्लोब 2024 में 'ओपेनहाइमर' का बोलबाला, क्रिस्टोफर बने सर्वश्रेष्ठ निर्देशक


*केलिफोर्निया। मनोरंजन की दुनिया में हर साल ऑस्कर से पहले गोल्डन ग्लोब पुरस्कार का इंतजार रहता है। इस पर दुनियाभर के दर्शकों की निगाहें होती हैं और हों भी क्यों न, यह फिल्म और टीवी की दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा पुरस्कार जो है। इस समारोह में नामांकन पाने वालों के नाम सामने आने के बाद से इसे लेकर दर्शकों का उत्साह चरम पर था। अब आखिरकार गोल्डन ग्लोब पुरस्कार पाने वाले विजेताओं के नाम का ऐलान कर दिया गया है।*

## 'ओपेनहाइमर' ने जीते सबसे ज्यादा अवार्ड

फिल्म 'ओपेनहाइमर' ने भी कई श्रेणियों में पुरस्कार हासिल किया। मोशन पिक्चर की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का खिताब रॉबर्ट डाउनी ने फिल्म 'ओपेनहाइमर' के लिए जीता। इसी फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार क्रिस्टोफर नोलन ने जीता। यह उनका पहला गोल्डन ग्लोब पुरस्कार है। यही नहीं, मोशन पिक्चर ड्रामा में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार भी इसी फिल्म के अभिनेता सिलियन मर्फी को मिला। बेस्ट स्कोर मोशन पिक्चर और बेस्ट मोशन ड्रामा पिक्चर का पुरस्कार भी 'ओपेनहाइमर' को मिला।

## 'बार्बी' चूकी, पूअर थिंग्ज ने मारी बाजी

गोल्डन ग्लोब्स 2024 में मोशन पिक्चर, म्यूजिकल और कॉमेडी की श्रेणी में 'बार्बी' से मार्गोट रोबी पुरस्कार पाने से चूक गईं। उनकी बजाय एम्मा स्टोन 'पूअर थिंग्ज' के लिए बाजी मार गईं। बेस्ट स्क्रीनप्ले मोशन पिक्चर की श्रेणी में भी 'बार्बी' को हार का सामना करना पड़ा। बेस्ट पिक्चर का खिताब भी 'पूअर थिंग्स' को मिला। हालांकि, मोशन पिक्चर बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग के अलावा सिनेमैटिक और बॉक्स ऑफिस अचीवमेंट की श्रेणी में बॉर्बी ने पुरस्कार हासिल किया।



## अन्य श्रेणियों में इन्हें मिला पुरस्कार

लिमिटेड सीरीज में सर्वश्रेष्ठ महिला अभिनेत्री का खिताब अली वॉन्ग ने 'बीफ' के लिए जीता। स्टीवन येउन ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का गोल्डन ग्लोब अपने नाम किया। मोशन पिक्चर के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक महिला कलाकार का गोल्डन ग्लोब डे' वाइन जॉय रैंडोल्फ। एलिजाबेथ डेबिकी ने सीरीज 'द क्राउन' के लिए सवश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार। सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का खिताब मैथ्यू मैकफेडेन को 'सक्सेशन' के लिए मिला। आयो एडेबिरी ने टीवी कॉमेडी की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का गोल्डन ग्लोब पुरस्कार जीता।

## बेस्ट पिक्चर बनी 'एनाटॉमी ऑफ फॉल'

सर्वश्रेष्ठ स्क्रीनप्ले का पुरस्कार 'एनाटॉमी ऑफ फॉल' को मिला। गैर-अंग्रेजी भाषा में बेस्ट पिक्चर का पुरस्कार भी इसी फिल्म को मिला। रिकी गेरवाइस टीवी के सर्वश्रेष्ठ स्टैंडअप कॉमेडियन तो सर्वश्रेष्ठ टीवी फीमेल एक्ट्रेस सारा स्नूक बनीं। बेस्ट ड्रामा सीरीज का खिताब 'सक्सेशन' ने जीता।

## *कब हुई थी गोल्डन ग्लोब पुरस्कार की शुरुआत?*

*यह गोल्डल ग्लोब्स का 81वां संस्करण था, जिसकी मेजबानी जाने-माने कॉमेडियन जो कॉय ने की। इस साल गोल्डन ग्लोब्स के नामांकन में फिल्म और टीवी जगत से 27 पुरस्कार श्रेणियां शामिल थीं। इसमें सिनेमैटिक व बॉक्स ऑफिस अचीवमेंट और बेस्ट स्टैंडअप कॉमेडियन ऑन टेलीविजन जैसी 2 नई श्रेणियां शामिल की गई थीं। 1944 में इन पुरस्कारों की शुरुआत हुई थी। शुरुआत में यह पुरस्कार सिर्फ फिल्मों के लिए दिया जाता था। 1956 में इसमें टीवी को शामिल किया गया था।*

9- JAN Coriya Bhoomi pg 4_Layout 1 1/9/2024 9:35 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### श्रीराम के चरणपादुका का दर्शन करने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**अम्बिकापुर।** श्रीलंका के अशोक वाटिका से भगवान श्रीराम के भक्त उनकी चरण पादुका लेकर अयोध्या जा रहे हैं। रविवार को चरणपादुका संभाग मुख्यालय पहुंचने पर राम भक्तों की भीड़ दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। शहर के अग्रसेन भवन में चरण पादुका के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। यह यात्रा आठ राज्यों से होकर निकाली जा रही है। शहर में पहुंचने पर चरण पादुका शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। श्रीलंका के अशोक वाटिका से अयोध्या तक चरण पादुका शोभायात्रा निकाली जा रही है। शोभायात्रा राम वन गमन परिपथ के रास्ते से होते हुए मध्यप्रदेश जाएगी तथा श्रीराम के ननिहाल के 300 तीर्थ स्थलों से होते हुए यात्रा मध्यप्रदेश के रास्ते 22 जनवरी को अयोध्या पहुंचेगी तथा राममंदिर में स्थापित की जाएगी। सोमवार को भी अग्रसेन भवन में सुबह बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रीराम की चरण पादुका का दर्शन किया। सुबह 9 बजे यात्रा आगे के लिए रवाना हुई।

### अंगना में शिक्षा का प्रशिक्षण में 24 संकुल के शिक्षक हुए शामिल

**बतौली/ सेदम।** बतौली में विकासखंड स्तरीय अंगना में शिक्षा का प्रशिक्षण बीआरसी महेश ठाकुर के निर्देशन में किया गया। प्रशिक्षण में 24 संकुल के एक-एक शिक्ष्ज्ञ और सीएसी शामिल हुए। प्रशिक्षण में बच्चों को निरंतर सीखते रहने के लिए स्कूल के साथ ही घर में भी परिवार के सदस्यों के सहयोग के साथ ही मां का सहयोग मिलेगा। माता के सहयोग से स्थानीय वस्तुओं, खाद्य पदार्थ आलू, गोभी,बैंगन, मटर, टमाटर आदि चीजों से गणितीय संक्रियाओं का ज्ञान आसानी से कराया जा सकता है और भाषा में भी निरंतर सीखते रहने पर भी सहजता से फोकस किया जा सकता है। यह प्रशिक्षण विकास खंड के सभी शालाओं में संकुल के माध्यम से दिया जाएगा। प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर कुमारी वर्षा चौधरी और श्रीमती आशा पैंकरा थीं।

### पुलिसकर्मी की बाइक ले उड़े चोर, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** नगर में चोरों के हौसले इस कदर बढ़ गए है कि अब उनमें पुलिस का भय खत्म सा हो गया। चोरों ने एक पुलिसकर्मी की बाइक को उसके घर के सामने से पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार रामानुजगंज थाना अंतर्गत ग्राम टांगरमहरी निवासी कल्याण सिंह आ. स्व. नंदू सिंह रामानुजगंज थाने में सउनि के पद पर पदस्थ है। 6 जनवरी की रात बाइक क्रमांक सीजी 15 सीजे 0770 को घर के सामने खड़ा कर सो गया। तड़के 4 बजे उठा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला से पुलिसकर्मी ने बाइक चोरी होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### 15 वार्ड के परिवारों को दिया जा रहा निमंत्रण

**रामानुजगंज।** 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में श्रीराम के बाल स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है जिसके तहत देशव्यापी निमंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। इसमें अयोध्या धाम से आए हुए पूजित अक्षत कलश के माध्यम से प्रत्येक सनातन हिंदू परिवार को अक्षत के माध्यम से निमंत्रण दिया जा रहा है।

## निधन

### दिनेश त्रिवेदी

**मनेन्द्रगढ़।** एसईसीएल से सेवानिवृत्त दिनेश त्रिवेदी का 64 वर्ष की आयु में 8 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार को दोपहर 1:30 बजे पंजाब नेशनल बैंक के नजदीक उनके निवास स्थान त्रिवेदी भवन से निकल कर मुक्तिधाम गई। स्व. त्रिवेदी अपने पीछे दो पुत्र, एक पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

## जिले के सभी थानों, स्कूल व ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस ने चलाया समर्थ अभियान

# अपराध, सायबर फ्राड, गुड टच-बैड टच पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

पुलिस मुख्यालय रायपुर के आदेशानुसार छग के प्रत्येक जिले में सभी थानों, स्कूल संस्था एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान का आयोजन किया जाना निर्देशित किया गया है, इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में जिले में समर्थ अभियान चलाया गया। 8 जनवरी को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर प्रांगण चरचा में छात्र-छात्राओं को थाना प्रभारी अनिल किण्डो के द्वारा जागरूकता के संबंध में अवगत कराया गया।

साथ ही गुड टच, बेड टच के बारे में बताया गया। छात्राओं को ऑनलाइन ठगी से बचने एवं आस-पास हो रहे ऐसी घटनाओं की जानकारी अपने परिजन, स्कूल परिसर के शिक्षकों एवं थाने में दीजिए। यदि आपके साथ किसी भी प्रकार की घटना होती है तो 112 नंबर पर कॉल कर जानकारी दे सकते हैं। गौरतलब है कि एसपी त्रिलोक बंसल ने जिले में कोरिया पुलिस द्वारा चलाए जा रहे उक्त अभियान में विभिन्न तरीके से जागरूक कर रही है, इसमें महिलाएं बच्चे संबंधी अपराध, सामान्य अपराध, बैंक, सायबर फ्रॉड, ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी जा रही है। कोरिया पुलिस अपने थाना अधिकार क्षेत्र में आने वाले गांव, शहर, गली-मोहल्लों में जाकर लोगों को कोरिया पुलिस द्वारा जागरूक कर रही है। पुलिस अधीक्षक ने उक्त अभियान के अतिरिक्त महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर महिला पेट्रोलिंग भी चालू किया गया है एवं महिला पेट्रोलिंग में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा अभिव्यक्ति एप से संबंधित जानकारी देकर लोगों के मोबाइल में डाउनलोड कराया जा रहा है।



स्कूल में समर्थ अभियान के दौरान विद्यार्थियों को जानकारी देते थाना प्रभारी।

### हाईस्कूल सोनहत में समर्थ अभियान



विद्यार्थियों को संबोधित करते प्रभारी अधिकारी।

**बैकुंठपुर।** कोरिया पुलिस द्वारा चलाए जा रहे समर्थ अभियान के तहत सोमवार के दिन जिले के विभिन्न स्थानों पर में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के समीप जामपारा धान खरीदी केन्द्र में लगभग सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में थाना पटना के धान खरीदी केन्द्र में अनेक लोगों के समक्ष थाना चरचा के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति में थाना सोनहत के हाईस्कूल सोनहत में समर्थ अभियान के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। जिले में कोरिया पुलिस द्वारा चलाए जा रहे उक्त अभियान में पुलिस कर्मी विभिन्न तरीके से लोगों को जागरुक कर रहे हैं, इसमें महिलाओं, बच्चों संबंधी अपराध, सामान्य अपराध, बैंक, सायबर फ्रॉड, ट्रैफिक नियमों की जानकारी, निजात अभियान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जा रही है। साथ ही महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराध, फाइनेंसियल फ्रॉड, ट्रैफिक नियमों की विस्तारपूरक जानकारी दी जा रही है। कोरिया पुलिस अपने थाना अधिकार क्षेत्र में आने वाले गांव, शहर, गली-महोल्लों में जाकर लोगों को कोरिया पुलिस द्वारा जागरूक कर रही है।

# खेत में कटे फसल की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के सोनहत थाना क्षेत्र के एक गांव में पिता-पुत्र के खेत पर काटकर रखे धान को कुछ लोगों के द्वारा चोरी कर लिए जाने की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गई। इस संबंध में मिली शिकायत के अनुसार पीड़ति शिव प्रसाद पिता स्व. शिवचरण निवासी ग्राम दुधनियांखुर्द थाना सोनहत ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि वह अपने निजी पट्टे की भूमि पर हाईब्रिड धान का रोपाई किया था, जिसमें लगभग सात क्विंटल धान होता है, जिस धान फसल को उसके द्वारा बीते 24 दिसंबर को कटाई कराया गया था, काटे गए धान को 25 दिसंबर को फुलेश्वरी पति उमेश कुमार एवं राजमनी पति शिवराज लेने गए तो देखे कि कुछ लोग काटे गए धान की फसल को चोरी कर ले जा रहे हैं, तभी फुलेश्वरी शोर कर बताई, तब मैं खेत में जाकर देखा तो कटा हुआ धान खेत में नहीं था। इस मामले में आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की, लेकिन सोनहत पुलिस ने इस मामले में शिकायत के बाद भी कुछ कार्रवाई नहीं की, इसके बाद पीड़ति बीते 9 जनवरी को पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत पेश कर मामले की जांच करा उचित कार्रवाई करने की मांग की।

**खास बात**

- थाने में शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं



शिकायत कर्ता।

### पुत्र के फसल को भी कर लिए चोरी

सोनहत थाना क्षेत्र के ग्राम दुधनियां खुर्द के शिवप्रसाद के पुत्र ने भी सोनहत पुलिस में अपने खेत के कटे धान की फसल को चोरी करने की शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर उसने भी पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत देकर आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की।

# नई रेल लाइन की अंश राशि शीघ्र स्वीकृति हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

ब्रिटिश काल में द्वितीय विश्व युद्ध के पूर्व स्वीकृत चिरमिरी-बरवाडीह रेल लाइन का एक हिस्सा नागपुर हॉल्ट-चिरमिरी नई रेल लाइन काफी प्रयासों के बाद 2018 में स्वीकृत होने के बाद भी सत्ता परिवर्तन की भेंट चढ़ गया। संबोधन साहित्य एवं कला विकास संस्थान के अध्यक्ष अनिल जैन द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को प्रेषित पत्र में कहा गया है कि संबोधन संस्था द्वारा विगत 13 वर्षों से रेल परियोजना से जुड़े पदाधिकारियों से लगातार 40 पत्रों के पत्राचार के बाद काफी कठिन प्रयासों से इस रेल लाइन को स्वीकृति मिल पाई है, किंतु अब तक रेल निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हो पाना अंचल के निवासियों को चिंतित कर रहा है। इस रेल लाइन के प्रारंभ नहीं होने से इस अंचल के ऐसे 2 लाख निवासी प्रभावित हो रहे हैं, जिन्होंने अपने परिश्रम से इस देश के विकास में आवश्यक रेल पहियों को चलने के लिए सन्‌ 1928 से अपनी जमीन से निकालकर कोयला दिया था। वर्तमान में रेल मंत्रालय द्वारा स्वीकृत 17 किमी की यह नई रेल लाईन पिछली सरकार द्वारा रेल मंत्रालय एवं छग राज्य शासन द्वारा किए गए एमओयू के आधार पर कुल लगभग 241 करोड़ लागत की 50 प्रतिशत राशि अर्थात लगभग 121 करोड़ छग द्वारा रेलवे को नहीं देने के कारण अब तक इस रेल लाइन का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। संबोधन संस्था के द्वारा इस रेल लाईन की स्थिति के लिए लगातार पत्राचार किए जा रहे। प्रयास के अंतर्गत रेल निर्माण विभाग द्वारा स्पष्ट लिखा है कि इस विशेष रेल लाइन सेवा को राज्य शासन की राशि नहीं मिलने के कारण स्थगित कर दिया गया है, जो शासन द्वारा राशि देने की तिथि घोषित होने पर प्राथमिकता के तौर पर पुनः प्रारंभ कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री से अपील है कि शीघ्र छग शासन की अंश राशि लगभग 121 करोड़ शीघ्र आवंटित करने का कष्ट करें, ताकि इसका निर्माण प्राथमिकता के तौर पर रेल मंत्रालय के द्वारा प्रारंभ किया जा सके। इस संबंध में छग के स्वास्थ्य मंत्री एवं अंचल के विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने भी इस रेल लाइन के अंश राशि देने के लिए अपील की है। संबोधन संस्था ने अपने पत्र में विश्वास व्यक्त किया है कि आदिवासी अंचल के विकास के लिए प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री द्वारा इस नई रेल लाइन के लिए लगभग 121 करोड़ की राशि स्वीकृत कर नए रेल लाइन निर्माण को गति प्रदान करेंगे।

**खास बात**

- संबोधन साहित्य एवं कला विकास संस्थान द्वारा पत्र



# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुनी पीएम की बात

**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 8 जनवरी को विकसित भारत संकल्प यात्रा से संबंधित देश के विभन्न राज्यों से मोदी की गांरटी से मिलने वाले लाभान्वित हितग्राहियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत की। इसी कड़ी में सबसे पहले कांकेर जिले के कुमारी भूमिका से चर्चा की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भूमिका से कुछ रोचक सवाल भी किए। उन्होंने दूरस्थ आदिवासी अंचल की इस बिटिया की तारीफ करते हुए कहा कि स्व सहायता समूह के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त हुए यह अन्य लोगों के लिए प्रेरणा की बात भी है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में भारत सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरीराज सिंह ने जानकारी साझा की कि किस तरह विकसित भारत संकल्प यात्रा से गांव-गांव में सरकार की योजनाएं पहुंच रही तथा इनसे ग्रामीण बड़ी संख्या में लाभान्वित भी हो रहे हैं। कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में जिले के अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सुने। विदित हो कि कोरिया जिले में बड़ी संख्या में विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी ले रहे हैं साथ ही पात्र हितग्राहियों को मौके पर लाभ भी दिया जा रहा है।



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में उपस्थित लोग।

### वृद्धा से दुष्कर्म का आरोपी अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

वृद्ध महिला से दुष्कर्म के मामले में आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से लोगों में आक्रोश का माहौल है। 24 घंटे से अधिक समय बीतने के बाद भी पुलिस आरोपी तक नहीं पहुंच पाई है जिसे लेकर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए जा रहे है। विदित हो कि मैनपाट के तराई गांव में 60 वर्षीय वृद्ध महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है। शराब के नशे में धुत गांव के 50 वर्षीय व्यक्ति ने वृद्ध के साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद भी पुलिस अब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं कर पाई है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी में असफल पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठाए जा रहे है। लोगो ने इस मामले में पुलिस के ऊपर लापरवाही का आरोप लगाया है इसके साथ ही आरोपी के गिरफ्तारी की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी एससी राय ने कहा कि फिलहाल आरोपी गिरफ्त से बाहर है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल, उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे व्यक्ति को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी है। दुर्घटना में गंभीर चोट आने पर घायल को अंबिकापुर रिफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सिलफिली निवासी 50 वर्षीय बृजलाल गोंड पिता रामव्रत सिंह सोमवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे बिश्रामपुर तरफ से ग्लैमर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 सीआर 2328 में अपने घर लौट रहा था। तभी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर ग्राम पंचायत जयनगर में साप्ताहिक बाजार के पास मोड़ पर अंबिकापुर की ओर से बिश्रामपुर की ओर जा रहे अज्ञात वाहन चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए विपरीत दिशा से बाइक सवार को टक्कर मार दी।दुर्घटना होने पर जयनगर थाना के एएसआई महिपाल सिंह, आरक्षक सोनू सिंह, अविनाश व आसपास लोगों की मदद से तत्काल घायल को बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायल को अंबिकापुर रिफर कर दिया है।

### हाथियों ने ग्राम कल्याणपुर में मचाया जमकर उत्पात

**बिश्रामपुर।** 37 सदस्यीय हाथियों के दल ने ग्राम पंचायत कल्याणपुर में लगातार दूसरे दिन भी फसल व मकान का नुकसान पहुंचाते हुए दो भागों में बट गए हैं। 22 सदस्यीय हाथियों का दल अब सरहदी बलरामपुर जिले के जामदोहर में पहुंच गए हैं और शेष हाथी अभी भी कल्याणपुर गांव में ही अपना डेरा जमाए हुए हैं। हाथियों के रिहायशी क्षेत्र में डेरा जमाए रखने से कड़ाके की ठंड में ग्रामीणों को घर के बाहर ठिठुरते हुए रात गुजारने मजबूर होना पड़ रहा है। सरगुजा व बलरामपुर जिले के सरहद पर ग्राम पंचायत कल्याणपुर में हाथियों का उत्पात दूसरे दिन भी जारी है। यहां हाथियों ने बीती रात जगसाय के आलू फसल, गनपत सिंह गोंड के आलू फसल, नोहरु के एक एकड़ में लगे आलू फसल को नुकसान पहुंचा कर नोहर साय अगरिया के ट्यूबवेल को जमींदोज करने के साथ ही उसके आलू व धान के फसल को नुकसान पहुंचाए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों के दल ने बीजू चेरवा पिता प्रेम के मकान को भी नुकसान पहुंचाए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार को तड़के 22 सदस्यीय हाथियों का दल सरहदी बलरामपुर जिले के जामदोहर चले गए हैं और शेष हाथी अभी भी कल्याणपुर गांव में ही अपना डेरा जमा हुए हैं। हाथियों के रिहायशी इलाके में अपना डेरा जमाए रखने से आमजन को इस कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे मजबूरन रात गुजारने विवश होना पड़ रहा है।

## पेज 1 का शेष...

### गांव-गांव पहुंच ...

देवकुंवर को आयुष्मान कार्ड, श्रीमती समरिया को उज्जवला योजना तथा जयलाल को प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना का लाभ दिया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई कार्यक्रम अंतर्गत गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान किया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पौष्टिक एवं पोषण आहार के लिए विभिन्न हरी सब्जी, स्थानीय व्यंजनों से रंगोली बनाकर महिलाओं एवं बच्चों को संतुलित पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी गई। इस दौरान प्रधानमंत्री का रिकार्डेड उद्बोधन, फिल्म का प्रदर्शन, 300 कैलेण्डर का वितरण, 300 व्हाउचर वितरण, 50 नग बुकलेट तथा प्रथम, द्वितीय और तृतीय प्रतिभागियों को टी-शर्ट का वितरण किया गया। इस दौरान शिविर में पीएम जनमन अंतर्गत प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय अभियान के तहत सबको पक्का घर, हर घर नल से जल, गांव-गांव तक सड़क, हर घर बिजली, शिक्षा के लिए हॉस्टल, कौशल विकास, दूर-दराज गांव में मेडिकल यूनिट, सबको पोषण तथा हर गांव में मोबाइल नेटवर्क के बारे में भी बताया जा रहा है।

### सड़क के गड्ढों से राहगीर परेशान करदना मार्ग की हालत दयनीय

**बतौली/सेदम।** ग्राम करदना सड़क की हालत दयनीय होने से राहगीर परेशान है। हैरानी की बात यह है कि सड़क जर्जर सड़क से लोगों को निजात दिलाने के लिए विभाग द्वारा 16 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत की है बावजूद इसके सड़क का निर्माण शुरू नहीं हो सकी। हालांकि सड़क बनाने से पूर्व नाली निर्माण करने पर विभाग ने काम बंद करा दिया गया बावजूद इसके सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सकी। ऐसे में ठेकेदार की लापरवाही और हठधर्मिता का खामियाजा क्षेत्र के लोगों के साथ राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। आलम यह है कि सड़क किनारे नाली नहीं होने से पानी सड़क पर बहने से जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है जो राहगीरों के लिए खतरनाक साबित होने लगा है। विकासखंड बतौली में लोक निर्माण विभाग द्वारा बतौली थाना चौक से लेकर ग्राम करदना तक 6 किलोमीटर सड़क निर्माण की स्वीकृति 16 करोड़ 66 लाख की राशि निर्माण हेतु जारी की गई है। जिसमें तीन किलोमीटर की सड़क डामरीकरण एवं तीन किलोमीटर सीसी रोड का निर्माण किया जाना है। 16 करोड़ की लागत से बन रही सड़क के साथ सह नाली निर्माण भी किया जाना है। सड़क व नाली निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद भी सड़क निर्माण शुरू नहीं हुआ और ठेकेदार द्वारा नाली निर्माण शुरू कर दिया। ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से नाली निर्माण कराए जाने की जानकारी लगने पर काम बंद करा दिया गया। हैरानी की बात यह है कि सड़क निर्माण की स्वीकृति मिले काफी समय हो गया है।

* **अम्बिकापुर।** फुटपाथ की जगह को बाद को लेकर दुकानदार की जमकर पिटाई कर दी। गुदरी चौक समीप निवासी मंयक गुप्ता आ.स्व. ओम प्रकाश गुप्ता मकर संक्रांति को लेकर प्रतापपुर चौक समीप फुटपाथ पर तिलकूल का दुकान लगाया है।

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ. हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 13 जनवरी, 2024 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
समय: शाम 05.00 बजे से
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
स्थान: बड़ेरिया डायग्नोस्टिक, बाजारपारा, बैकुण्ठपुर मो. 9425255110, 9425269110

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
बिलासपुर, रायपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ यूनिटी/माउंट आबू
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।